# कानपुर नगर निगम
## निविदा सूचना

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2024–25 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अर्न्तगत तथा उ0प्र0 सरकार के आधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2024–25 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु जोन वाइज निविदायें निम्न प्रकार से आंमत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र मुख्य अभियंता कार्यालय एवं समस्त अधिशाषी अभियंता के कार्यालय से निविदा के एक दिन पूर्व तक प्राप्त किये जा सकते हैं । सादे प्रार्थना पत्र पर निविदा किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में भविश्य में आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं में जो निविदादाता नगर निगम में पंजीकृत नही है उनके लिये नगर निगम कानपुर में निम्नानुसार सर्वनिम्न निविदादाता द्वारा पंजीकरण कराया जाना आवश्यक होगा जो कि वर्ष 2023–24 के अन्तर्गत ही मान्य होगा। पेवर (HMP) से जो सडकें बनायी जानी है उनके लिए आवश्यक होगा कि निविदादाता का हाटमिक्स प्लान्ट नगर निगम मुख्यालय से 50 किमी0 परिधि में होना चाहिए।

| श्रेणी | अधिकृत निविदा धनराशि | जमानती धनराशि | हैसियत प्रमाण पत्र | पंजीकरण/नवीनीकरण शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| सुपर ''ए'' (एच0एम0पी0) | हाटमिक्स प्लान्ट से किये जाने वाले समस्त कार्य | 150000/– | 50 लाख | 50000/20000.00 |
| सुपर ''ए'' | रूपये 50 लाख से अधिक | 75000/– | 30 लाख | 25000/15000.00 |
| ''ए'' | रूपये 20 लाख से अधिक 50 लाख तक | 40000/– | 20 लाख | 15000/10000.00 |
| ''बी'' | रूपये 5 लाख से अधिक 20 लाख तक | 25000/– | 10 लाख | 10000/5000.00 |
| ''सी'' | रूपये 2 लाख से अधिक 5 लाख तक | 20000/– | 02 लाख | 8000/3000.00 |

निविदा के सम्मुख अंकित जमानती धनराशि एवं निविदा शुल्क का भुगतान कानपुर नगर निगम की वेबसाइट **kmc.up.nic.in** पर उपलब्ध भुगतान लिंक के माध्यम से करते हुये उसकी रसीद लिफाफे में रखकर डालना अनिवार्य होगा। लिंक निम्नलिखित है:–

https://easypay.axisbank.co.in/easyPay/makePayment?mid=NTg2NzQ%3D

सामान्य निविदा के प्रत्येक कार्य की निविदायें अलग–अलग लिफाफें में बन्द की जानी चाहिये एवं लिफाफे के ऊपर कार्य का नाम सम्बन्धित जोन संख्या आगणन धनांक एवं ठेकेदार का नाम अंकित करना अनिवार्य है। इसी के साथ निविदा स्वीकृति की सूचना प्राप्त होने पर 7 दिन के अन्दर आवश्यक स्टाम्प पेपर जमा करने पर नगर निगम को निर्धारित प्रपत्रों पर कार्य पूरा कराने हेतु अनुबन्ध करना होगा ।

नगर आयुक्त कानपुर को बिना कारण बताये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने अथवा अन्य ठेकेदारों के मध्य कार्य विभाजन करने का अधिकार सुरक्षित है । समस्त निविदायें मुख्य अभियंता कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में नीचें दिये गये विवरण के अनुसार में प्राप्त की जायेंगी साथ ही मुख्य अभियन्ता कार्यालय एवं समस्त जोन में निविदाओं की बिक्री की जायेगी निविदा मूल्य की रसीद किसी भी अभियन्त्रण खण्ड से प्राप्त की जायेगी। कार्यों की निविदा नोटिस कानपुर नगर निगम की वेब साइट **http://kmc.up.nic.in** से प्राप्त की जा सकती हैं । इसके अतिरिक्त निविदायें ई–प्रक्योरमेन्ट की बेवसाइट **www://etender.up.nic.in** के माध्यम से आमन्त्रित की जायेंगी।

निविदादाता निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकतें हैं। निविदा डालने अथवा खोले जाने की तिथि में यदि अवकाश होगा तो निविदायें अगले कार्य दिवस में निर्धारित समयानुसार डाली/खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

निविदा विवरण निम्न प्रारूप में उल्लखित जोन वार कार्यों का अलग–अलग विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की अर्नेस्टमनी निविदा मूल्य तथा समय अवधि आदि का विवरण मुख्य अभियंता कार्यालय सम्बन्धित जोन कार्यालय एवं पी0आर0ओ0 कार्यालय में उपलब्ध कार्य विवरण सूची सूचना पट पर देखा जा सकता है। विवरण के अनुसार प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग निविदा आमंत्रित है।

शर्ते :–

1. जो निविदा दाता निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नहीं लगायेगा उस दशा में उसका पंजीकरण/नवीनीकरण निरस्त करते हुये लगाई गई अर्नेस्टमनी जब्त कर ली जायेगी ।
2. सामान्य निविदा प्रपत्र एवं लिफाफे पर कार्य का नाम जोन संख्या ठेकेदार का नाम के साथ निविदा दाता के स्पष्ट हस्ताक्षर एवं मोहर होना आवश्यक है। यदि लिफाफे पर उक्त विवरण अंकित नहीं होगें तो लिफाफा अवैध माना जायेगा एवं ऐसी निविदा का संज्ञान नहीं लिया जायेगा।
3. निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य के रूप में नगद धनराशि लगाने वाले ठेकेदारों की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. निविदा प्रपत्र में प्रतिशत उच्च/निम्न को अंको एवं शब्दों में लिखना आवश्यक है ।
5. ठेकेदारों द्वारा 10 प्रतिशत तक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर शासनादेश के अनुसार 0.50 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न निविदा प्रदत्त करने पर 01 प्रतिशत प्रति 01 प्रतिशत निम्न दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी/परफामेन्स गारंटी के रूप में जमा करनी आवश्यक होगी ।
6. निविदा शर्तो के विरूद्व निविदा डालने वाले ठेकेदार की जमानती धनराशि जब्त करते हुये काली सूची में दर्ज कर दिया जायेगा।
7. एकल कर प्रणाली के अन्तर्गत कार्य के देयकों पर शासन द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 की दरों के अनुसार भुगतान व कटौती की जायेगी। कार्य के आगणन में जी0एस0टी0 सम्मिलित है एवं निविदा की दर मूल आगणन पर प्रभावी होगी। निविदा मूल्य पर 18प्रतिशत जी0एस0टी0 देय होगी।
8. सडक निर्माण/सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–715/नौ–5–2018–120बजट/2013 दिनांक 17 मार्च 2018 के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. निविदा में किसी प्रकार के संशोधन (यथा निविदा तिथि में वृद्धि निविदा संशोधन कार्यों की संख्या/आगणन में परिवर्तन अथवा सुधार आदि) की सूचना कानपुर नगर निगम की वेबसाइट **kmc.up.nic.in** पर व मुख्य अभियन्ता एवं अधिशाषी अभियन्ता कार्यालयों के सूचना पट पर पढ़ी व देखी जा सकती है। इस हेतु निविदा शुद्धि पत्र का प्रकाशन समाचार पत्रों में नहीं किया जायेगा।
10. उच्च श्रेणी का ठेकेदार अपने से निम्न समस्त श्रेणियों की निविदाओं में प्रतिभाग कर सकता है।
11. निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम व शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट **kmc.up.nic.in** पर पढी जा सकती हैं।
12. आगणन धनांक रू0–40.00 लाख से अधिक कार्यो में टी–2 प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न/अपलोड करना अनिवार्य है। धनांक रू0–40.00 लाख एवं इससे अधिक की धनराशि के समस्त कार्यों की निविदायें टू–विड निविदा पद्धति से आमन्त्रित की जायेंगी।
13. किसी भी कार्य में ज्वाइण्ट वेंचर ठेकेदार द्वारा प्रतिभाग नही किया जा सकेगा और ज्वाइण्ट वेंचर का अनुभव भी मान्य नहीं होगा।
14. किसी भी कार्य में एम0एस0एम0ई0 के द्वारा निर्गत पंजीकरण के आधार पर किसी प्रकार की छूट अनुमन्य नहीं होगी।

| निविदा खरीदने व अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 03.12.2024 अपरान्ह 03.00 बजे तक |
|---|---|
| निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 03.12.2024 अपरान्ह 04.00 बजे |

| क्रमांक | कार्य का नाम | आगणन धनांक | जमानती धनराशि | निविदा मूल्य | निविदा मूल्य पर देय 18% जी0एस0टी0 | कार्य समाप्त करने की अवधि | मद का नाम | सक्षम स्तर से स्वीकृति तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **ई–टेण्डर** | | | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| 1 | बी0एस0 ग्राउण्ड, बेनाझाबर रोड स्थित बी0एन0एस0डी0 से सटी कानपुर नगर निगम की रिक्त भूमि पर सामुदायिक केन्द्र/कम्यूनिटी सेण्टर का निर्माण कार्य। | 19853000.00 | 1192650.00 | 3985.30 | 717.35 | 180 दिन | नगर निगम निधि | |
| | | 19853000.00 | | | | | | |

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, कानपुर

प्रतिलिपि–

1. नगर आयुक्त महोदय को सूचनार्थ।
2. सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ताओं को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. नोटिस बोर्ड में चस्पा करने हेतु।
4. रिकार्ड हेतु।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम, कानपुर